राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–255/2023

राज्यपाल ने मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी, पटना के 10वें वार्षिकोत्सव में भाग लिया

पटना, 28 सितम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी, पटना के 10वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मारवाड़ी समाज ने इस सोसायटी के माध्यम से लोगों की हर परिस्थिति में सेवा की है। यह अन्य संगठनों के लिए प्रेरक है।

उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और स्वामी विवेकानन्द ने इसे ध्येय वाक्य मानकर कार्य किया। मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी ने भी इसी के अनुरूप कार्य कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। अन्य संस्थाएँ एवं अनेक स्वयंसेवी संगठन भी ऐसे सामाजिक कार्य करते हैं तथा समाज उन्हें सहयोग करता है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि वे बिहार को टी०बी० मुक्त करने का संकल्प लें तथा नि–क्षय मित्र बनकर टी०बी० रोगियों की मदद करें। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी को भी इस कार्य को अपनी गतिविधियों में शामिल करना चाहिए।

राज्यपाल ने इस अवसर पर चिकित्सकों को सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को पद्मश्री डॉ० आर०एन० सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी के संस्थापक अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष श्री रमेश चन्द्र गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री विजय कुमार किशोरपुरिया, सचिव श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री सुजीत सिंघानिया, चिकित्सकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....